लोक सभा अध्यक्ष ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

...

नई दिल्ली; 18 सितंबर, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"गणेश चतुर्थी का पावन पर्व पूरे देश में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

भगवान गणेश वीरता, शक्ति, नेतृत्व, ज्ञान और बुद्धिमत्ता के प्रतीक हैं। वह मानव चेतना के भी प्रतीक हैं । गणेशजी की दिव्य उपस्थिति सफलता, समृद्धि और प्रतिकूल परिस्थितियों से सुरक्षा प्रदान करती है।

मैं विघ्नहर्ता से मानवता को स्वास्थ्य, धन, समृद्धि और ज्ञान का आशीर्वाद देने की प्रार्थना करता हूं।"